Bareilly, Sunday,
13 July 2025
BAREILLY EDITION
Price ₹3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext



# एसआरएमएस के हर्ष ने गेंदबाजी में जीता मैन ऑफ द मैच का खिताब

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (12 July):** उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय के तत्वाधान में स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेली जा रही जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में सेटरडे दो सेमी फाइनल मुकाबले खेले गए. जिसमें पहला सेमी फ़ाइनल मुकाबला स्पोर्ट्स स्टेडियम और जूनियर चैंप्स के बीच खेला गया. जिसमें स्टेडियम के कैप्टन कुशाग्र ने टॉस जीतकर निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट खोकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 182 रनों का स्कोर बनाया. जिसमें सर्वाधिक रन कैप्टन कुशाग्र ने 15 गेंदों में ताबड़तोड़ 54 रनों का योगदान दिया. विपिन कुमार ने 20 और सुमित ने 25 रन बनाए. वहीं विवान ने भी 20 रनों का योगदान दिया. जूनियर चैंप्स के लिए गेंदबाज़ी में बसर ने 3 और धर्मेंद्र ने 2 विकेट प्राप्त कि. लक्ष्य का पीछा करते हुए जूनियर चैंप उसकी पूरी टीम 13.1 ओवरों में मात्र रनों पर ढेर हो गई. शिवा यादव के 15 रन नाबाद के अलावा कोई भी बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं दिखा सका. स्टेडियम के लिए गेंदबाज़ी में विमान 4 ओवर में 7 रन देकर 4 ने हेमंत ने 3 विकेट प्राप्त किये. अंत में मैन ऑफ़ द मैच का पुरस्कार विवान गंगवार को उनके ऑल राउंडर प्रदर्शन के लिए दिया गया.



जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता

## राइडर्स ने जीता टॉस

आज का दूसरा सेमी फाइनल मुकाबला बरेली राइडर्स और एसआरएमएस से क्रिकेट अकैडमी के बीच खेला गया. राइडर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 17.4 ओवरों में सभी विकेट खोकर मात्र 87 रन ही बना सकी. जिस में सबसे ज़्यादा रन वंश कोहली ने और कृष्णा ने 19 रनों का योगदान दिया. एसआरएमएस कि लिए गेंदबाज़ी में शानदार गेंदबाज़ी करते हुए हैट ट्रिक के साथ 4 ओवरों में 14 रन ख़र्च करके पाँच विकेट प्राप्त किये.